हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 28 फरवरी 2026
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

2 तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलटी



## खबर संक्षेप

### ठाकुर अनुकूल चंद्र के जन्मोत्सव पर धार्मिक अनुष्ठान कल

**अम्बिकापुर।** युग पुरूषोत्तम ठाकुर अनुकूलचंद्र का 138 वाँ जन्म महोत्सव 1 मार्च को जनपद पारा स्थित मण्डपम् सुशीलम में धूमधाम से मनाया जाएगा। जन्मोत्सव पर विविध धार्मिक आयोजन प्रातः5 बजे से प्रारम्भ किया जाएगा। प्रार्थना पश्चात ठाकुर जी की भावधारा पर सारगर्भित चर्चा, भजन एवं कीर्तन, दीक्षा-पत्र, निःशुल्क चिकित्सा शिविर, पारंपरिक लोक-नृत्य एवं लोक कलाओं का प्रदर्शन किया जाएगा। जन्मोत्सव समारोह में विभिन्न राज्यों से ठाकुर के अनुयायी भागीदारी करेंगें तथा उनकी भावधारा एवं जीवन प्रसंगों से अवगत कराएंगें।

### एकलव्य आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 1 मार्च को

**सूरजपुर।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शिक्षण सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन 1 मार्च सुबह 10 बजे से 12 बजे तक किया जाएगा। जिला अंतर्गत रामानुजनगर, प्रतापपुर, प्रेम नगर, भैयाथान एवं सूरजपुर में प्रवेश चयन परीक्षा के सम्पन्न कराने एवं परीक्षार्थियों की सुविधा के दृष्टिगत संस्थाओं को परीक्षा केन्द्रों का निर्धारित किया गया है।



रमजान मुबारक
दसवां रोजा

| | |
|---|---|
| आज का इफ्तार | - 6.05 बजे |
| कल की सेहरी | - 4.56 बजे |

## रेल यातायात हुआ बाधित

# सूरजपुर-परसा ट्रैक पर मालगाड़ी के सात वैगन पटरी से उतरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर/रामानुजनगर

परसा खदान से कोल परिवहन के लिए अडानी कंपनी द्वारा निर्मित कराए गए रेलवे ट्रैक पर शुक्रवार तड़के बड़ा हादसा हो गया,सूरजपुर स्टेशन से सप्लाई किए गए 7 खाली वैगन सुबह करीब 3:05 बजे बेपटरी हो गए,जिससे इस मार्ग पर रेल यातायात बाधित हो गया।

**खास बात**

- विभागीय स्टाफ ने मौके पर पहुंचकर सुधार कार्य किया शुरू

घटना की सूचना मिलते ही रेलवे के कैरेज एवं वैगन विभाग का स्टाफ मौके पर पहुंचा और सुधार कार्य शुरू कर दिया,हादसे के कारण ट्रैक पर आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है,बताया गया कि कोयला लोडिंग के लिए पॉवर इंजन एन बॉक्स 962 को लेकर परसा खदान जा रही थी तभी रामानुजनगर के पास मालगाड़ी के सात वैगन बेपटरी होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गए,घटना की सूचना पर रेलवे कंट्रोलर के निर्देश पर सी एंड डब्लू स्टॉफ टावर कार सहित मशीनी उपकरणों के साथ मौके पर पहुंचकर सुधार कार्य चलाया गया है,समाचार लिखे जाने तक ट्रैक बहाली का कार्य जारी था,रेल सूत्रों के अनुसार शुक्रवार देर रात तक मार्ग को दुरुस्त कर परिचालन बहाल किए जाने की संभावना है,हादसे के कारणों की जांच की जा रही है, हादसे में रेलवे विभाग को कितनी क्षति पहुंची है, यह अब तक अस्पष्ट है।



ट्रैक से नीचे उतरी मालगाड़ी।

## गांजा तस्कर व खरीददार समेत चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

रघुनाथपुर पुलिस ने गांजा तस्करी के मामले में सफलता हासिल की है। पुलिस ने तीन तस्कर और एक खरीददार समेत चार आरोपियों को 4 किलो ग्राम गांजा के पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कार, मोबाइल फोन समेत 4.86 लाख रूपए का सामान बरामद किया है। बता दें कि एसएसपी राजेश अग्रवाल ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। इसी बीच 26 फरवरी को लुंड्रा के रघुनाथपुर चौकी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक कार से तीन लोग गांजा लेकर गंगापुर आ रहे है और मुरारी लाल को गांजा बेचेंगे। सूचना के बाद सीएसपी राहुल बंसल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम गंगापुर मुख्य मार्ग पर एनएच 43 किनारे घेराबंदी की। इस दौरान खेत में आई 20 कार क्रमांक सीजी 10 एएल 8571 के साथ चार लोग नजर आए। पुलिस ने चारों को हिरासत में लेकर उनकी पहचान की। आरोपियों की पहचान रायगढ़ लैलूंगा मुड़ापारा नारायणपुर निवासी 26 वर्षीय हेमसागर यादव आ. पोरना राम यादव, जशपुर जिले के तुमला कोलेनझरिया जोरोडा निवासी 25 वर्षीय खीरो यादव आ. सुशील यादव, रायगढ़ लैलूंगा पोतरा निवासी 24 वर्षीय भूपेंद्र यादव आ. लोचन यादव के रूप में की गई। इसके साथ ही चौथे युवक की पहचान रघुनाथपुर चौकी अंतर्गत ग्राम गंगापुर निवासी 35 वर्षीय मुराल लाल चौबे आ. तिरथ राज चौबे के रूप में की गई। पुलिस ने जब आरोपियों की तलाशी ली तो हेमसागर यादव, खीरो यादव, भूपेंद्र यादव के कब्जे के कार को चेक करने पर डिक्की मे रखा हुआ कुल 2 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया साथ ही वाहन के पास काले रंग का बैग लेकर खड़े व्यक्ति मुरारी लाल चौबे के बैग से 2 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 4 किलोग्राम गांजा बरामद किया। इसके साथ ही आरोपियों के कब्जे से आई 20 कार, 6 नग मोबाइल फोन समेत 4 लाख 86 हजार रुपए का मशरूका बरामद किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस की धारा 20(बी) के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी रघुनाथपुर आरएन पटेल, साइबर सेल प्रभारी अजीत मिश्रा, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, विकास सिन्हा, जयदीप सिंह, चंद्रभूषण तिवारी, आरक्षक जितेश साहू, मनीष सिंह, उमाशंकर साहू, अमनपुरी, विकास मिश्रा, उमेश खुटिया, इजहार अहमद, इदरीश खान, इजहार अहमद, संजीव चौबे सक्रिय रहे।



## इंजन में आई खराबी, दो घंटे तक जंगल क्षेत्र में फंसे रहे यात्री

**बिश्रामपुर।** अंबिकापुर–अनूपपुर के बीच चलने वाली मेमू ट्रेन के लगातार विलंब से परिचालन को लेकर यात्रियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है,गुरुवार को ट्रेन संख्या 68758 का इंजन में बीच रास्ते में तकनीकी खराबी आ जाने से सैकड़ों यात्री करीब दो घंटे तक जंगल क्षेत्र में फंसे रह गये। बाद में ट्रेन को कोतमा तक लाकर रद्द कर दिया गया। शुक्रवार को भी उक्त मेमू ट्रेन का परिचालन रेलवे विभाग ने निरस्त कर दिया।प्राप्त जानकारी अनुसार मेमू ट्रेन संख्या 68758 गुरुवार शाम 6:10 बजे अंबिकापुर से अनूपपुर के लिए रवाना हुई,जिसका निर्धारित आगमन समय रात 10 बजे अनूपपुर का है, लेकिन बिजुरी और कोतमा के बीच भैयाटोला के पास अचानक पावर इंजन के पाइप में खराबी आ गई, जिससे ट्रेन बीच जंगल में रुक गई।करीब दो घंटे गुजर जाने के बाद दूसरे इंजन की व्यवस्था कर ट्रेन को कोतमा तक लाया गया,जहां से उसे रद्द कर दिया गया,अचानक ट्रेन निरस्त होने से यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा,ट्रेन में सवार बिश्रामपुर निवासी चरणजीत सिंह ने बताया कि वे अपनी पुत्री श्रेया को बी.कॉम ऑनर्स की परीक्षा दिलाने भोपाल ले जा रहे थे,उन्हें अनूपपुर से अमरकंटक एक्सप्रेस पकड़नी थी, लेकिन मेमू ट्रेन की देरी के कारण वे समय पर अनूपपुर नहीं पहुंच सके,कोतमा में बिना वैकल्पिक व्यवस्था के ट्रेन रद्द कर दी गई,जिससे उनकी पुत्री की परीक्षा छूट गई। यात्रियों का कहना है कि अंबिकापुर–अनूपपुर मेमू अक्सर विलंब से चलती है,जिससे कनेक्टिंग ट्रेनें छूट जाती हैं और आगे की यात्रा प्रभावित होती है,लगातार लेटलतीफी और अब तकनीकी खराबी के कारण लोग मेमू ट्रेन की उपयोगिता पर सवाल उठा रहे हैं। यात्रियों ने आरोप लगाया कि रेल प्रबंधन मालगाड़ियों को प्राथमिकता देता है, जबकि यात्री ट्रेनों को बीच रास्ते खड़ा कर दिया जाता है।

## महिला तस्कर समेत दो को 15-15 साल की कैद

- डेढ़-डेढ़ लाख रूपए का अर्थ दंड भी

**अंबिकापुर।** नशीली दवाओं की तस्करी करने के मामले में शुक्रवार को कोर्ट ने तस्कर महिला समेत दो लोगों को कड़ी सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट ने मामले में आरोपियों को 15-15 वर्ष के सश्रम कारावास और डेढ़-डेढ़ लाख रूपए के अर्थ दंड से दंडित किया है। न्यायालयीन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पेट्रोलिंग के दौरान गांधीनगर पुलिस ने अजिरमा बुधवारी बाजार के समीप एक महिला को झोले और पिट्ठू बैग के साथ देखा था। पुलिस को देखते ही महिला भी झोले और बैग को झाड़ियो में छिपाने का प्रयास कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर संदिग्ध महिला को हिरासत में लिया। महिला की पहचान सूरजपुर जिले के श्रीनगर खालपारा हाल मुकाम सुभाष नगर निवासी 30 वर्षीया गायत्री सिंह पति दिनेश सिंह के रूप में की थी। पुलिस ने जब महिला के पास मौजूद झोले की तलाशी ली तो झोले से 10512 नग प्रतिबंधित नशीला कैप्सूल व बैग से 200 नग इंजेक्शन बरामद किया था। इस दौरान जब पुलिस ने महिला से पूछताछ की तो उसने उक्त प्रतिबंधित नशीला इंजेक्शन व कैप्सूल सूरजपुर श्रीनगर के त्रिपुरेश्वर निवासी 38 वर्षीय मो. फरीद आ. हलीम के लिए खरीदने व सप्लाई करने की बात कही। ऐसे में पुलिस ने फरीद को हिरासत में लेकर जब पूछताछ की तो उसके द्वारा नशीले दवाओं का अवैध कारोबार करने और इंजेक्शन व कैप्सूल बिहार गया निवासी मेडिकल दुकान संचालक विकास कुमार से खरीदने की बात कही। इसके बाद पुलिस ने विकास को पकड़ने के लिए दबिश दी थी लेकिन वह फरार हो गया और अब तक पुलिस गिरफ्त से बाहर है। इस दौरान जांच में महिला गायत्री सिंह व फरीद द्वारा नशे का अवैध कारोबार करने की पुष्टि हुई। इस मामले में दोनों को गांधीनगर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अब इस मामले में 27 फरवरी को विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट अतुल कुमार श्रीवास्तव के कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक नरेंद्र कुमार पांडेय ने पैरवी की। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने दोनों को दोषी मानते हुए सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपी महिला गायत्री सिंह को 22 सी एनडीपीएस एक्ट के तहत 15 वर्ष के सश्रम कारावास और 1.5 लाख रुपए के अर्थदंड व फरीद को धारा 29 सहपठित धारा 22 सी एनडीपीएस एक्ट के तहत 15 वर्ष के सश्रम कारावास और 1.5 लाख रुपए के अर्थदंड दंड से दण्डित किया है। इसके साथ ही आरोपियों द्वारा अर्थदंड की राशि जमा नहीं करने पर एक-एक वर्ष के सश्रम कारावास की सजा भुगतनी होगी।



खबर संक्षेप

## वन विभाग का प्रांतीय सम्मेलन आज

**मनेन्द्रगढ़।** वन विभागीय वाहन चालक/कर्मचारी संघ छग का स्थापना दिवस एवं संघ का प्रांतीय सम्मेलन 28 फरवरी को मनेन्द्रगढ़ स्थित वनमंडल कार्यालय के सभा हॉल में आयोजित होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 11 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वन मंत्री केदार कश्यप रहेंगे, जबकि अध्यक्षता स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में भरतपुर-सोनहत की विधायक श्रीमती रेणुका सिंह, प्रथम मुख्य वन संरक्षक एवं बल प्रमुख केसी श्रीनिवास राव तथा मुख्य वन संरक्षक (सरगुजा) दिनेश प्रकाश उपस्थित रहेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एसडी बड़गैया एवं वन मंडलाधिकारी मनेन्द्रगढ़ चंद्रकुमार अग्रवाल कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाएंगे। सम्मेलन में वन विभागीय वाहन चालकों एवं कर्मचारियों से जुड़े ज्वलंत मुद्दों, उनकी समस्याओं, अधिकारों एवं संगठन को मजबूत करने को लेकर विस्तार से चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम में प्रदेशभर से संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल होंगे। कार्यक्रम का आयोजन संघ के प्रांताध्यक्ष राजकुमार पाण्डेय के नेतृत्व में किया जा रहा है। संघ ने सभी सदस्यों, कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने की अपील की है।

## पीएम जनमन योजना से बदली रनिया बाई की जिंदगी

**बैकुण्ठपुर।** कभी भिक्षाटन और दिहाड़ी मजदूरी से जीवन यापन करने वाली श्रीमती रनिया बाई के परिवार के लिए हर दिन एक नई चुनौती लेकर आता था। बैकुंठपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत गढ़तर में रहने वाला यह परिवार कच्ची झोपड़ी में मौसम की मार झेलते हुए जीवन गुजार रहा था। पति अवतार साय के साथ रनिया बाई को जब महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत अकुशल श्रम में रोजगार मिलने लगा, तब कुछ राहत मिली, लेकिन स्थायी आवास का सपना अब भी दूर था। परिस्थितियां तब बदलीं जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी पहल पर संचालित प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत उन्हें पक्के मकान के लिए सहायता स्वीकृत हुई।

वर्षों पुरानी परंपरा आज भी कायम

24 को होलिका दहन कर दूसरे दिन 25 को जमकर खेली गई होली

# अनहोनी के भय से अमरपुर में पहले मना ली गई होली, जमकर उड़े रंग-गुलाल

**बैकुंठपुर।** रंगों का पर्व होली पूरे देश में आगामी 4 मार्च को उल्लास के साथ मनाया जाएगा, इसके लिए बाजार में रंग-गुलाल पिचकारियों की दुकानें सज गई है।

वहीं कोरिया जिले में एक-दो ऐसे भी गांव है, जहां वर्षों से होली का पर्व निर्धारित तिथि से एक सप्ताह पूर्व ही मनाया जाता है। कोरिया जिले के ग्राम अमरपुर में प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी रंगों का पर्व होली निर्धारित तिथि से पहले मना ली गई। जानकारी के अनुसार ग्राम अमरपुर में 24 फरवरी को होलिका दहन की गई और इसके दूसरे दिन 25 फरवरी को को होली का पर्व उल्लास के बीच रंग-गुलाल उड़ाकर होली जमकर खेली गई। इस दिन बच्चे, युवा बुजुर्ग सुबह होने के कुछ घंटे बाद गांव में टोली के रूप में होली खेलने के लिए, एक जगह से दूसरे जगह पहुंचते रहे और एक-दूसरे को रंग-गुलाल से सरोबोर कर होली की बधाई दी गई। कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर से लगभग 15 किमी की दूरी पर स्थित गांव अमरपुर हमेशा ही अपने अनोखे







परंपरा के कारण सुर्खियों में रहता है। विदित हो कि कोरिया जिले के ग्राम अमरपुर में सिर्फ होली ही नहीं बल्कि सभी प्रमुख पर्व निर्धारित तिथि से एक सप्ताह पूर्व ही मनाई जाती है और यह दशकों से ऐसी परंपरा गांव में देखी जा रही है। इस संबंध में ग्राम अमरपुर के ग्रामीण बताते हैं कि इस गांव में निर्धारित समय से पूर्व प्रत्येक त्यौहार मनाने का सिलसिला हमारे पूर्वजों के समय से चला आ रहा है, जिसका निर्वहन आज तक की पीढ़ी कर रही है। अनहोनी घटनाओं के डर से पहले मनाते हैं कई पर्व- ग्राम अमरपुर के ग्रामीणों के अनुसार इस गांव में होली ही नहीं, बल्कि सभी प्रमुख पर्व निर्धारित तिथि से एक सप्ताह पूर्व मनाने की परंपरा चली आ रही है। गांव के बुजुर्ग बताते है कि वर्षों पहले यहां निर्धारित तिथि पर त्यौहारों को मनाया जा रहा था, लेकिन एक समय गांव में अनहोनी घटनाएं घटने लगी, बीमारियां फैलने लगी थी और लोगों की मौत होने लगी थी तथा मवेशी भी मरने लगे थे, ऐसी स्थिति में तब गांव के बैगा द्वारा बताया गया कि यहां सभी पर्व समय से पहले मना ली जाए, तब से इस गांव में सभी पर्व निर्धारित तिथि से एक सप्ताह पूर्व से मनाया जाने लगा और आज यह इस गांव की परंपरा बन गई है। गांव के शिक्षित लोग भी इस परंपरा का पालन कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार ग्राम अमरपुर में होली के अलावा रामनवमीं, करमा, छेरता आदि त्यौहार निर्धारित तिथि के पूर्व ही मना लिया जाता है।

### दो अन्य गांवों में भी ऐसी परंपरा

कोरिया जिले के अमरपुर गांव में ही समय से पहले त्यौहार मनाने की परंपरा नहीं है, बल्कि कोरिया जिले के दो अन्य गांवों में भी ऐसी ही परंपरा कायम है ,जहां होली सहित कई अन्य त्यौहार भी निर्धारित समय से पहले मनाए जाने की परंपरा है। कोरिया जिले के विकासखंड सोनहत अंतर्गत ग्राम बसवाही एवं तंजरा में अनहोनी की घटना को लेकर समय से पूर्व होली व अन्य पर्व मनाए जाने की शुरूआत बुजुर्गो द्वारा की गई थी, जो आज भी कायम है। ग्राम तंजरा एवं ग्राम बसवाही में भी होली निर्धारित समय से पहले मना ली गई।

बाल-बाल बचे वाहन सवार, मार्ग पर नहीं लगी है चेतावनी

# तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

बीती रात्रि सोनहत थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवघाट क्षेत्र में एक तेज रफ्तार एसयूवी कार अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना में वाहन में सवारों को हल्की चोटे आए और वे सुरक्षित बच गए। घटना के दूसरे पलटे वाहन को उठा लिया गया।

दुर्घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सोनहत थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पहाड़पारा मुख्य मार्ग पर गुरूवार की रात्रि करीब 11 बजे सोनहत की ओर से बैकुंठपुर की ओर आ रही तेज रफ्तार एसयूवी 700 वाहन क्रमांक सीजी 13 बीजी 0413 का चालक जैसे ही सोनहत थाना क्षेत्र के ग्राम पहाड़पारा ललमट्टा के पास पहुंचा और घाट उतरने के दौरान अचानक मोड़ के पास तेज रफ्तार वाहन चलने के दौरान अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे सीमेंट के छोटे साइज के खंभे को टक्कर मारते हुए पलट गई और वाहन के चारों टायर उपर हो गए। सूत्रों के अनुसार वाहन चालक सहित दो लोग सवार से जिन्हें अधिक चोटे नहीं आई और दोनों सुरक्षित बच निकले। दूसरे दिन शुक्रवार को दोपहर के समय दुर्घटनाग्रस्त वाहन को उठा लिया गया। इस तरह बड़ी दुर्घटना के बावजूद वाहन सवार सुरक्षित बच निकले।



पलटा वाहन।



सड़क पर संकेत बोर्ड नहीं

**चेतावनी बोर्ड तक नहीं लगी:** सोनहत थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पहाड़पारा मुख्य मार्ग के ललमट्टा स्थल पर बीते कुछ वर्षो में कई सड़क दुर्घटना होने के बावजूद उक्त स्थल पर सड़क सुरक्षा संबंधी चेतावनी बोर्ड या रिफ्लेक्टर भी नहीं लगी है, इसके चलते सबसे ज्यादा रात्रि के समय सड़क दुर्घटना अधिक होती है। उक्त स्थल पहाड़पारा की ओर से ढाल है और फिर अचानक अंधा मोड है, इसके पूर्व सड़क किनारे अंधा मोड दर्शाने के लिए कोई चेतावनी देने वाला बोर्ड नहीं लग पाई है और न ही रिफ्लेक्टर ही लगे हैं और नहीं अंधे मोड के पहले स्पीड करने के लिए ब्रेकर ही लगे हैं, जिससे रात्रि के समय वाहन चालक सतर्क हो सके।

**कई दुर्घटनाएं हो चुकी घटना स्थल पर:** सोनहत मार्ग पर ग्राम पहाड़पारा के ललमट्टा के जिस स्थल पर एसयूवी गुरूवार की रात्रि में तेज रफ्तार के साथ पलटी ,उक्त स्थल पर पूर्व में कई सड़क दुर्घटनाएं घटित हो चुकी है। कई हादसों के बावजूद उक्त स्थल पर सुरक्षा के कोई उपाय नहीं किए गए है। कई हादसों के कारण उक्त दुर्घटना स्थल ब्लैक स्पॉट बन गया है।

## सीबीएसई का एक दिवसीय प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

एमसीबी जिले के मानक शैक्षणिक संस्थान दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ में केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा आयोजित एक उत्कृष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम ने राष्टीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के विज्ञान को आलोकित किया। इस प्रशिक्षण ने शिक्षकों को नई नीति के मूल सिद्धांतों से परिचित कराया, जो भारतीय शिक्षा को समग्र, बहुमुखी एवं अनुभव-आधारित रूप प्रदान करने का संकल्प लेती है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष कार्यक्रम प्रशिक्षक प्रभास चंद्रा-प्राचार्य नारायण ई टेक्नो विद्यालय, प्रकाश कुमार गुप्ता वरिष्ठ समन्वयक अचीवर्स पब्लिक स्कूल तथा प्राचार्य दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल डॉ.बसंत कुमार तिवारी एवं श्रीमती पूनम सिंह निदेशिका दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ द्वारा दीप प्रज्जवलित एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। इस एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में शिक्षकों ने एनईपी 2020 के प्रमुख आयामों जैसे 5+3+3+4 संरचना, मातृभाषा आधारित शिक्षा एवं निपुण भारत अभियान पर गहन चर्चा की। सीबीएसई के 14 नए क्षमता निर्माण कार्यक्रमों (सीबीपी) के अनुरूप, यह प्रशिक्षण शिक्षकों को प्राचीन शिक्षण पद्धति से आगे ले जाकर आलोचनात्मक चिंतन एवं कौशल-आधारित शिक्षण की कला सिखाता है। स्कूल के समस्त अध्यापकगण इस दिव्य अवसर से लाभान्वित हुए, जिससे विद्यालयीन वातावरण में नवीन ऊर्जा का संचार हुआ।

## एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान का राष्ट्रीय शुभारंभ आज

**मनेन्द्रगढ़।** भारत सरकार द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार नैशनल लांच ऑफ एचपीवी वैक्सीनेशनल कैंपनिंग का शुभारंभ 28 फरवरी को प्रातः 10:30 बजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया जाएगा। इस राष्टीय कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री एवं अन्य गणमान्य अतिथियों की सहभागिता रहेगी।

# हुड़दंगियों पर रहेगी सख्त निगरानी



हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

पुलिस लाइन मीटिंग हॉल बैकुंठपुर में शुक्रवार को होली पर्व के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में एडीएम सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुरेशा चौबे, बैकुंठपुर एसडीएम उमेश पटेल, एसडीओपी राजेश साहू एवं डीएसपी श्याम मधुकर सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक में शासन-प्रशासन द्वारा की जा रही तैयारियों की जानकारी दी गई तथा जनप्रतिनिधियों से सुझाव भी प्राप्त किए गए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि होली का पर्व आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाया जाए। बैठक में होली का त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाने, रंग लगाते समय कीचड़, पेंट आदि का उपयोग नहीं करने, डीजे का उपयोग नहीं करने, शराब व अन्य नशे का सेवन करके वाहन नहीं चलाने एवं दुपहिया वाहनों में तीन सवारी नहीं बैठाने, मुस्लिम समुदाय के लोगों पर जबरदस्ती रंग नहीं लगाने, होलिका दहन निर्धारित समय पर करने, अफवाहों पर ध्यान नहीं देने एवं सोशल मीडिया पर उत्तेजक पोस्ट नहीं डालने, राहगीरों पर जबरदस्ती रंग नहीं डालने, मुखौटे का प्रयोग नहीं करने तथा बीच सड़क या बिजली तार के नीचे होलिका दहन नहीं करने के निर्देश दिए गए हैं।

# चैन माउंट मशीन व हाइवा जब्त

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देश पर जिला खनिज उड़नदस्ता दल, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई है। गत रात्रि ग्राम पंचायत मलकडोल स्थित रेत खदान में दबिश देकर अवैध रूप से रेत लोडिंग में प्रयुक्त एक चौन माउंट मशीन एवं एक हाइवा वाहन को जब्त किया गया। खनिज अधिकारी दयानंद तिग्गा ने बताया कि मलकडोल रेत खदान में चौन माउंट मशीन के माध्यम से अवैध रेत लोडिंग की शिकायतें लगातार प्राप्त हो रही थीं। शिकायतों की पुष्टि के लिए 25 फरवरी की रात्रि खदान की सघन जांच की गई, जिसमें मौके पर अवैध गतिविधि पाई गई।

**न्यायलय तहसीलदार अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

:: ईश्तहार ::

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक महेन्द्र आ. चमर साय निवासी------थाना अम्बिकापुर तहसील ने कराया है कि आवेदक के अपने माता स्व. फुलमेत पति चमर साय की दिनांक 16/05/2016 को स्थान निवास में हुई है।

आवेदक के मृत्यु उपरांत मृत्यु का पंजीयक नहीं कराया गया है। अतः प्रमाण-पत्र की आवश्यकता होने पर यह आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन से 15 दिवस तक न्यायलय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय-सीमा के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 17/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन मुद्रा से जारी ।

**तहसीलदार**
**अम्बिकापुर**

**न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-03 जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.- 202602022900005/ब-121/2025-26

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका शशि कश्यप पति अजय कुमार कश्यप, निवासी कृष्णा गली मायापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम मायापुर तहसील अम्बिकापुर स्थित भूमि खसरा क्रमांक 338/8 रकबा 0.020 हे. भूमि को अनावेदिका प्रतिमा सोनी पति धर्मेन्द्र सोनी निवासी महामाया मंदिर के पास, अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के पास बिकी करने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान् कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 12.03.2026 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांकः- 23/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

**नायब तहसीलदार**
**अम्बिकापुर-03**

**न्यायालय नायब तहसीलदार (पेटलावृत्त) सीतापुर जिला सरगुजा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.- /अ-6/2025-26

// ईश्तहार //

सर्व साधरण ग्राम पंचायत बेलगाव को सूचित किया जाता है कि आवेदक पंडरू आ. स्व. डेब्बा उम्र-52 वर्ष निवासी ग्राम बेलगांव तहसील सीतापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा भू-राजस्व सहिता 1959 अन्तर्गत धारा 109, 110 के तहत आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि आवेदक के संयुका खाते की ग्राम बेलगांव में कुल ख.नं.-15 कुल रकबा 4.3590 हे. स्थित है। आवेदक के भाई स्व. घुटल का दिनांक 20/11/2018 को मृत्यु हो गया है। स्व. घुटल अविवाहित था। जिसका नाम राजस्व अभिलेख से विलोपित किये जाने हेतु आवेदन पत्र के साथ बी-1 मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न कर निवेदन किया गया है।

अतः उक्त संबंध में किसी भी हितबद्ध पक्षकार को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने किसी अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 09/03/2026 तक न्यायालयीन समय में पेश कर सकता है। समय-सीमा के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन सील मुद्रा से जारी।

**नायब तहसीलदार**
**पेटलावृत्त**
तह.-सीतापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)

**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर, जिला सरगुजा, (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र........ /अ-2/2025-26

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अविनाश आ. रामेश्वर, बसंती बाई बेवा रामेश्वर जाति मुण्डा निवासी गंगापुरखुर्द तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधि्य की भूमि स्थित ग्राम गंगापुरखुर्द तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.) खसरा नंबर 200/1, 202/6, रकबा 0.037, 0.034 हे. भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, नक्शा, सेटलमेन्ट, भूमि उपयोगिता प्रमाण पत्र, रजिस्ट्री की प्रति, आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 13/03/2026 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**अम्बिकापुर**

सरगुजा मार्केट

डॉ भाविक शाह
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (चौथा रविवार)
डॉ संजय अग्रवाल
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (दूसरा रविवार)
डॉ अमित मुखर्जी
स्पाइन और ब्रेन सर्जन
हर महीने के चौथे रविवार
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ.दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनांक :- 08 मार्च 2026, रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
डॉ.आशु जैन
MBBS, M.S., M.ch Neurologist
दिनांक 01 मार्च, दिन रविवार
एसआरएस हॉस्पिटल 10 बजे से 2 बजे तक
सीटी हॉस्पिटल नमनाकला, अम्बिकापुर 12 बजे से 1 बजे तक
गायत्री हॉस्पिटल 3 बजे से 7 बजे तक

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षो का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा।
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समयः- सुबह 09 बजे से 11 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज थाइरायड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ.संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज, थाइराइड, मोटापा, माहवारी में समस्या, नपुंसकता, निःसंतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्राल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटे कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध
दिनांक - 1 मार्च 2026, रविवार
नोट :- डॉ प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विधा डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूं बाड़ी, सी.एम.ओ. ऑफिस के बगल में दर्रीपारा, अम्बिकापुर
अग्रिम पंजीयन के लिए 7587722255 पर सम्पर्क करें।

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 09 मार्च, 2026, सोमवार
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 14 मार्च 2026, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

वरिष्ठ न्यूरोसर्जन
डॉ. एम.के. तिवारी
(एम.एस., एम.सीएच - न्यूरोसर्जरी)
मस्तिष्क एवं रीढ़ की हड्डी (ब्रेन व स्पाईन) रोग विशेषज्ञ
ट्रॉमा एवं न्यूरो इमरजेंसी हेतु 24×7 सेवाएँ उपलब्ध
सिटी क्लिनिक जे जे एच (जिला चिकित्सालयके सामने) में भी प्रतिदिन सायं 05:00 बजे से 07:00 बजे तक परामर्श हेतु उपलब्ध रहेंगे।
ओ.पी.डी.में निःशुल्क परामर्श
दिनांक 23 फरवरी 2026 से 28 फरवरी 2026 तक
जीवन ज्योति सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल
नया बस स्टैंड के पास, दर्रीपारा, रिंग रोड, अम्बिकापुर (छ.ग.)

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
creating healthy tomorrow
CGHS से मान्यता प्राप्त
अनुभवी एम.डी. डॉक्टर के द्वारा आधुनिकतम तकनीक से
3D/4D सोनोग्राफी एवं कलर डॉप्लर
सुविधा उपलब्ध आपके शहर अम्बिकापुर में
सोनोग्राफी की सभी जाँच एक ही जगह, गर्भावस्था, पेट, किडनी, थायरॉयड, डॉप्लर जाँच, गंभीर मरीज़ों के लिए तुरंत जाँच सुविधा
जाँच समय पर हो
इसी सोच के साथ हमारा निरंतर प्रयास है कि रेडियोलॉजी सेवाएँ निर्बाध, तेज और भरोसेमंद हों ताकि मरीज और उनके परिजन कम चिंता और अधिक भरोसा महसूस करें।
हमारा वादा
कम प्रतीक्षा समय
सटीक व विश्वसनीय रिपोर्ट
जाँच से इलाज तक बेहतर तालमेल
बड़े शहर जैसी सुविधा अपने शहर में
उपलब्ध सेवाएं
सोनोग्राफी
डिजिटल एक्स-रे
कलर डाप्लर
एंडोस्कोपी स्केन
2D ईको
ई.ई.जी.
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000

UGC, DEB एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त MATS UNIVERSITY (MCDOE) रायपुर का एकमात्र अधिकृत केंद्र
VC INSTITUTE
A COMPLETE CAREER SOLUTION
शिक्षकों एवं सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति तथा पढ़ाई छोड़ चुके छात्रों के लिए दूरवर्ती शिक्षा के माध्यम से प्रवेश प्रारंभ...
स्नातकोत्तर (PG) कोर्सेस:
M.Sc (Chemistry, Maths), M.A (English, Education, हिन्दी), M.Com, MSW, M.Lib, MBA, MCA, B.Lib, PGDCA
स्नातक (UG) कोर्सेस:
B.Sc (ZBC), B.A, B.Com BCA, BBA, DCA
P.HD
ENTRANCE EXAM के लिए फॉर्म भरे जा रहे हैं
पता: आकाशवाणी चौक, अशोका रेस्टोरेंट (पुराना रोजगार कार्यालय) के बगल वाली गली, अंबिकापुर, सरगुजा
संपर्क: 7222980129, 9479235154

## खबर संक्षेप

### यादव बने युवा मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी

**राजपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा में विकासखंड के ग्राम नरसिंहपुर निवासी सतेंद्र यादव को जिला मीडिया प्रभारी का महत्वपूर्ण



दायित्व सौंपा गया है। इस नियुक्ति पर उन्होंने शीर्ष नेतृत्व, प्रदेश एवं जिला संगठन के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह दायित्व उनके लिए केवल एक पद नहीं, बल्कि संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने का पवित्र उत्तरदायित्व है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि संगठन हित को सर्वोपरि रखते हुए वे अपने दायित्व का ईमानदारी एवं सक्रियता से निर्वहन करेंगे। बता दें कि इससे पूर्व सतेंद्र यादव भाजपा युवा मोर्चा राजपुर मंडल में महामंत्री के पद पर रह चुके हैं।

### स्वस्थ रहने के लिए नियमित योगाभ्यास जरूरी



**अम्बिकापुर।** पतंजलि योग समिति के राज्य प्रभारी मनोज पाणीग्राही दुर्गा मंदिर में संचालित नियमित योग कक्षा का संचालन किया। इस दौरान योग कक्षा में योगिग जोगिग अभ्यास, सूर्य नमस्कार, विभिन्न आसन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में स्वस्थ रहना सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। स्वस्थ रहने के लिए योगाभ्यासों का नियमित अभ्यास जरूरी है। सुबह की दिनचर्या भगवान, योग, आयुर्वेद, स्वदेशी से प्रारंभ होना चाहिए। योग सभी के शारीरिक एवं मानसिक समस्याओं का एकमात्र समाधान है तथा सभी को योग अपनाने की आवश्यकता है। आने वाले दिनों में योग को जन-जन तक पहुंचाने का लक्ष्य है। भविष्य में योग शिविर एवं 25 दिवसीय सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। इस दौरान सह राज्य प्रभारी कमलेश योगी, रमाशंकर सिंह, संजय श्रीवास्तव, डा.दिनेश सिंह, अंबिका शुक्ला, रविभूषण गुप्ता, ललिता श्रीवास्तव सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### विक्रम तीसरी बार बने भाजयुमो मंडल महामंत्री

**रामानुजगंज।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया के निर्देशानुसार तथा भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल की अनुशंसा पर



युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष मंगलम पांडे द्वारा घोषित नवीन कार्यकारिणी में रामानुजगंज मंडल से विक्रम गुप्ता को लगातार तीसरी बार मंडल महामंत्री का दायित्व सौंपा गया है। विक्रम गुप्ता ने मंडल महामंत्री का दायित्व मिलने पर कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी पुनः सौंपी है, उसका निर्वहन पूरी ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ करूंगा। प्रदेश सरकार की उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य युवा मोर्चा के कार्यकर्ता मजबूती से करेंगे।

### कृत नारी साहित्य गोष्ठी में रखे अपने विचार



**अंबिकापुर।** कृति नारी साहित्य समिति द्वारा आयोजित गोष्ठी में उत्साह विषय पर सभी ने अपने भावों की उत्कृष्ट प्रस्तुति देकर बहुत ही आनंदप्रद वातावरण बना दिया। जहां संतोषी चंदेल 'गुड़िया' ने अपनी काव्य पंक्तियों में श्रोताओं के वाह में उत्साह को दर्शाया, तो वहीं कांति ने शब्दों से घाव शब्दों से मरहम के साथ उत्साहवर्धक शब्दों का महत्व बताया। रूही गजाला ने ₹मैं हूं नार₹ शब्दों में उत्साह का खजाना निरूपित किया वहीं माधुरी जायसवाल के अनुसार उत्साह जीवन का स्रोत है। संध्या सिंह ने मृतप्राय मरीज में उत्साह के बोल औषधि तुल्य निरूपित किए तो वहीं उमा वर्मा ने आनंद की अभिव्यक्ति कहा। गीता तिवारी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की जबकि श्रीमती संध्या सिंह ने संचालन किया। गोष्ठी में आशा उपाध्याय, सीमा तिवारी, पुष्पलता दवण्डे, एवं प्रज्ञा तिवारी ने भी अपने विचारों से सभी को प्रभावित किया।

### भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक नियुक्त हुए गोयल

**बिश्रामपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह



देव की सहमति से भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक व सहसंयोजक की घोषणा कर दी गई है, जिसमें नगर पंचायत शिवनंदनपुर के शान्तिनगर निवासी कृष्ण गोयल बल्लू को संगठन का सुरजपुर जिला संयोजक नियुक्त किया गया है।

### सिलफिली में बीमारी से तंग आकर वृद्ध ग्रामीण ने लगाई फांसी

**बिश्रामपुर।** मानसिक रूप से अस्वस्थ्य एक वृद्ध ने शुक्रवार को घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है,जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम सिलफिली के यादवपारा निवासी 60 वर्षीय सुखदेव यादव पिता हरिनंदन यादव पिछले 8-10 वर्षों से मानसिक रूप से अस्वस्थ्य चल रहे थे,परिजन ने बताया कि वृद्ध ने बीमारी से तंग आकर शुक्रवार की सुबह घर में अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है,सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

---

### नियम को दरकिनार कर बना रहे बड़ी संख्या में ईट, करते थे बिक्री

# आवास योजना के नाम पर संचालित अवैध गमला, ईट भट्टे पर प्रशासन की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

**खास बात**
- रेहड़ा में जब्त किए 50 हजार अवैध ईट

शंकरगढ़ क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में गमला ईट भट्टे का कारोबार चल रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में लोग आवासीय योजना के आड़ में न सिर्फ गमला ईट भट्टा का संचालन कर रहे बल्कि बड़ी संख्या में अवैध ईट बनाकर बिक्री करते थे। लंबे समय से मिल रही शिकायत पर प्रशासन न सिर्फ सख्त हुआ बल्कि अवैध कारोबारियों के विरूद्ध अंकुश लगाना शुरू कर दिया। है। प्रशासनिक टीम ने आज अवैध रूप से संचालित गमला ईट भट्टा संचालक के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए 50 हजार अवैध ईट को जब्त किया। प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित गमला ईट भट्टा संचालकों में हड़कंप मच गया है।

विकासखंड शंकरगढ़ अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों के गांव में नियम को ताक पर रखकर अवैध तरीके से गमला ईट भट्टा का धड़ल्ले से संचालित की जा रही थी। इन क्षेत्र में ईट बनाने के लिए अवैध रूप से मिट्टी की खुदाई की जाती है जिससे राजस्व को अनावश्यक हानि होती। इन क्षेत्रों में कई जगह गमला ईट भट्टा का संचालन लंबे समय से हो रहा है लेकिन जांच व कार्रवाई नहीं होने से संचालकों के हौसले बुलंद थे।



कार्रवाई करते प्रशासनिक अधिकारी।

#### प्रशासनिक टीम ने जब्त की अवैध ईट

क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित गमला ईंट भट्ठो की मिल रही शिकायत के बाद प्रशासन सख्त नजर आई। एसडीएम विवेक टोप्पों के निर्देश पर आज नायब तहसीलदार गजराज सिंह टीम के साथ ग्राम रेहड़ा में गोपाल सिंह आ. रामनाथ सिंह द्वारा अवैध रूप से संचालित ईट भट्ठा पर कार्रवाई की। साथ ही मौके से 50 हजार ईट को जब्त किया। कार्रवाई के दौरान रेहड़ा पटवारी सुमित तिवारी मौके पर मौजूद रहे।

#### बड़ी संख्या में बना रहे ईट

नियम के अनुसार प्रधान मंत्री आवास योजना के लिए हितग्राही अपनी आवश्यकता अनुसार ईट बना सकते है लेकिन अब नियम का ताक पर रख कर आवास योजना की आड़ में बड़ी संख्या में ईट बनाने लगे। इतना ही नहीं किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने से गमला ईट भट्ठा संचालकों के हौसले बुलंद हो गए है और अवैध ईट को बिक्री कर अपनी जेबे गरम करने में लगे हुए है।

#### उपयोग कर रहे अवैध लकड़ी

गमला ईट संचालकों द्वारा बड़ी संख्या में ईट का निर्माण कराया जा रहा है। ईट को पकाने के लिए कोयला की जरूरत होती है परंतु शंकरगढ़ क्षेत्र में कोयला नहीं होने से संचालक जंगल से बड़े पैमाने में न सिर्फ कटवाते है बल्कि काटे गए लकड़ी का उपचार ईट को पकाने में करते है। अधिकांश ईट भट्ठा के आसपास पेड़ों के मोटा तना पड़े हुए आसानी से देखा जा सकता है।

हालांकि कुछ लोग अपनी जरूरत व नए मकान निर्माण के लिए गमला ईट भट्ठा लगाते है। परंतु अधिकांश लोग ऐसे है जो प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माण के नाम पर अवैध रूप से गमला ईंट भट्ठों का संचालन करने लगे थे। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि आवास निर्माण की आड़ में बड़े पैमाने पर अवैध ईंट भट्टे चलाकर मोटी कमाई की जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि इन भट्ठों में अवैध लकड़ी का उपयोग किया जा रहा है, जिससे पर्यावरण को गंभीर क्षति पहुंच रही है। धुएं और प्रदूषण के कारण आसपास के गांवों में रहने वाले लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खेतों की उपज पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ने लगा है। बावजूद इसके कार्रवाई नहीं करने से इनके हौसले बुलंद हो गए थे।



## एनएच 130 गुमगा सड़क किनारे पलटा वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव

- बाल-बाल बचे दुकान संचालक
- सामान का हुआ भारी नुकासन

टमाटर लोड पिकअप एनएच 130 गुमगा सड़क किनारे किराना एवं सब्जी दुकान पर पलट गया। दुर्घटना में जहां चालक सहित लोग बाल-बाल बचे गए वहीं दुकान में रखे सामान को काफी नुकसान पहुंचा है। बताया जा रहा है कि दुर्घटना पिकअप चालक को नींद की झपकी जाने से हुई।

जानकारी के अनुसार नेशनल हाईवे 130 अम्बिकापुर-बिलासपुर मार्ग गुमगा में बीती रात करीब 1 बजे भीषण सड़क हादसा हुआ। बिलासपुर की ओर से टमाटर लोड कर पिकअप क्रमांक सीजी 15 डीएच 0642 आ रही थी तभी रात करीब 1 बजे चालक को नींद लगने के कारण पिकअप वाहन अनियत्रित होकर सड़क के दूसरे साइड काफी स्पीड से मोड़ दिया जिस कारण पीछे से दूसरे वाहन द्वारा टक्कर मार टक्कर दी। वाहन की टक्कर पिकअप अनियंत्रित होकर नेशनल हाईवे किनारे राम जायसवाल का किराना, फल एव सब्जी का दुकान ठेला को तोड़ते हुए पलट गई जिससे सामान को काफी नुकसान पहुंचा है। दुर्घटना के बाद अफरा तफरी मच गई।

रात में ही लोग घटना स्थल पर पहुंच कर राहत बचाव किया। मौके पर माजूद लोगों के मुताबिक ठेला संचालक रात को भी अपने दुकान में सोता था लेकिन घटना के समय अपने घर में परिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने चला गया था अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

## एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

शासकीय विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ में अंग्रेजी विभाग, कम्प्युटर विभाग एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय बहुविषयी राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ सरस्वती देवी, छग महतारी के तैल चित्र एवं विवेकानंद जी की मूर्ति पर दीप प्रज्जवलित एवं मल्यापर्ण के पश्चात हुआ।

तत्पश्चात कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं बैज लगाकर स्वागत किया गया तथा महाविद्यालय की पत्रिका विवेक सुधा का अतिथियों को सह-



सम्मान उपहार स्वरूप भेंट किया गया। कार्यशाला के तकनीकी सत्र का प्रारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. श्राबनी चक्रवर्ती के उद्बोधन के साथ हुआ। इसमें उन्होंने इस राज्य स्तरीय कार्यशाला के विषय इफेक्टीव कम्यूनिकेशन स्कील फॉर एकेडमिक एंड प्रोफेशनल ग्रोथ को अत्यंत प्रासंगिक एवं महत्वूर्ण बताते हुए अकादमिक एवं व्यावसयिक विकास के लिए प्रभावी संचार कौशल के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, यह न केवल विचारों को स्पष्ट रूप से व्यक्त करने में मदद करते हैं, बल्कि व्यक्तित्व को निखारकर सफलता की गारंटी भी बनाते हैं। कार्यशाला के विशिष्ट अतिथि रामचरित द्विवेदी ने सम्प्रेषण की उपयोगिता को व्यक्तित्व निर्माण के लिए आवश्यक बताया जो प्रत्येक क्षेत्र चाहे वह व्यावसायिक हो या सेवा में सफलता की कुंजी है। अगले क्रम में नगरपालिका परिषद् मनेन्द्रगढ़ उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा ने भी दैनिक जीवन में प्रभावी सम्प्रेषण को आवश्यक बताते हुए कहा कि एक व्यक्ति अपने बात करने के प्रभावी तरीकों से सफलता हासिल कर सकता है।

## दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान पर कार्यशाला

**बलरामपुर/रामानुजगंज।** भाजपा जिला कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल ने की। प्रशिक्षण के प्रथम सत्र के मुख्य वक्ता सरगुजा संभाग जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष रामकिशुन सिंह ने प्रशिक्षण महाअभियान में संगठन की कार्य पद्धति, संगठन का विकास विस्तार,विचारधारा, सैद्धांतिक भूमिका, संगठन के रीति नीति, प्रत्येक कार्यकर्ता के दायित्व पर मार्गदर्शन दिया।

द्वितीय सत्र में भाजपा के वरिष्ठ नेता रामलखन पैंकरा ने पांच परिवर्तन विषय पर प्रशिक्षण देते हुए कार्यकर्ताओं से कहा कि संगठन के विचारधारा आचार्य और व्यवहार में दिखना चाहिए भाजपा के प्रशिक्षण का उद्देश्य व्यक्ति निर्माण से संगठन निर्माण तथा संगठन निर्माण से राष्ट्र निर्माण करना है। तृतीय सत्र प्रशिक्षण नवाचार विषय पर प्रदेश सोशल मीडिया सह संयोजक मयंक जायसवाल ने प्रकाश डाला। चतुर्थ सत्र में जिज्ञासा समाधान एवं समापन सत्र को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल ने कहा कि भाजपा संगठन में प्रशिक्षण एक सतत प्रक्रिया है जिनमें लगातार सीखने, आत्ममंथन करने व जनसेवा हेतु सदैव समर्पित रहने वाले कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जाता है।



जिला प्रशिक्षण कार्यशाला का संचालन भाजपा जिला महामंत्री भानु प्रकाश दीक्षित व कार्यक्रम का समापन महामंत्री संजय सिंह ने किया। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष अजीत सिंह, बलवंत सिंह, तारावती सिंह शशिकला भगत, आनंद जायसवाल, प्रवक्ता दीनानाथ यादव जिला मंत्री बसंती भगत, पूजा कश्यप, शर्मिला गुप्ता, जिला प्रवक्ता दीनानाथ यादव, कोषाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, कार्यालय मंत्री अजय गुप्ता, जिला कार्यालय सह मंत्री मुकेश गुप्ता, अजय यादव, शुभम सोनी, अभिषेक सिंह, अशर्फी यादव, सुषमा मिंज, मुंशी राम, दीपक सोनवानी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष मंगलम पाण्डेय, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष बद्री यादव, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष मुकेश गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।

### जी राम जी कृषक चौपाल में ग्रामीणों को दी गई योजना की जानकारी

**प्रतापपुर।** गोविंदपुर मंडल में जिला किसान मोर्चा कोषाध्यक्ष अवधेश गुप्ता के मुख्य आतिथ्य एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष के अध्यक्षता में विकसित भारत जी राम जी कृषक चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में ग्रामीणों को बताया गया कि केंद्र सरकार



द्वारा विकसित भारत की परिकल्पना को लेकर देश के गरीब मजदूर कृषक के हितों को ध्यान में रखते हुए उन्हें उनकी मेहनत का सीधे लाभ पहुंचाने के उद्देश्य के साथ प्रारंभ की गई है। साथ ही ग्रामीण रोजगार आजीविका मिशन गारंटी योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। जिला अध्यक्ष कपिल पांडे, जिला महामंत्री लवकेश पैकरा एवं अजय अग्रवाल के मार्गदर्शन पर भाजपा मंडल गोविंदपुर में किसान मोर्चा द्वारा विकसित भारत जी राम जी कृषक चौपाल लगाकर योजना ग्रामीणों को उसके फायदे के बारे में बताया गया। इस दौरान कोमल देव पांडेय, सतीश पटेल, अंकुर पटेल, अमलेश्वर सिंह, पप्पू यादव, विकास जायसवाल एवं ग्रामीण उपस्थित रहे 1

### यादव जी की लव स्टोरी फिल्म पर रोक लगाने की मांग, यादव समाज ने सौंपा ज्ञापन

**डांड़गांव।** सामाजिक छवि खराब करने वाली यादव जी की लव स्टोरी फिल्म तत्काल रोक लगाने की मांग को लेकर सर्व यादव समाज के पदाधिकारी व सदस्यों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। सर्व यादव समाज के संभागीय अध्यक्ष एंव जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवनारायण यादव ने बताया है कि यादव जी की लव स्टोरी काल्पनिक फिल्म में दूसरे समाज के



लड़के-लड़की की लव स्टोरी फिल्म निर्माता अंकिता भंडारा एंव संदीप तोमर द्वारा बनाया गया है। जिसमें पूरे समाज की छवि खराब किया जा रहा है जिसे यादव समाज कतई बर्दाश्त नहीं करेगा । फिल्म पर रोक लगाने के लिए कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, फिल्म विकास निगम के अध्यक्ष के नाम पर ज्ञापन सौंपा गया है। अगर तत्काल फिल्म रिलीज पर रोक नहीं लगाया जाता है तो समाज देशव्यापी उग्र आंदोलन करेगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान डॉ लाल चंद यादव, अमृत यादव, गणेश यादव, संतोष यादव, बसंत यादव, रामपुकार यादव, बाली चरण यादव, जयपाल यादव, जितेंद्र यादव, महेश्वर यादव, पुखराज यादव, सतेंद्र यादव, होना चरण यादव सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

## मतदाता सूची से नगर के 75 से अधिक नाम विलोपित, थाने में शिकायत

**लखनपुर।** नगर में विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। इधर नगर में कई पीढ़ियों से निवास करने वाले विशेष समुदाय के लोगों के मतदाता सूची से नाम विलोपित करने फॉर्म 7 भरने का मामला सामने आया है। मामला संज्ञान में आने के बाद कांग्रेस कमेटी, मुस्लिम समुदाय और भाजपा बीएलए द्वारा फर्जी तरीके से फॉर्म 7 भरने के मामले को लेकर थाने पहुंच रिपोर्ट दर्ज करने थाना प्रभारी को आवेदन दिया।

आवेदन में उल्लेखनीय है कि नगर पंचायत में कई पीढियां से निवास करने वाले 75 मतदाताओं का नाम विलोपित करने के उद्देश्य से विशेष समुदाय का फॉर्म 7 भरकर जमा किया गया है। जबकि मतदाता सूची से नाम नहीं काटा गया है किंतु गंभीर तथ्य है कि उक्त फॉर्म साथ केवल दो व्यक्तियों द्वारा एक विशेष समुदाय के



मतदाताओं को चयनित करते हुए आवेदन प्रस्तुत किया हैं। मुस्लिम समुदाय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एफआईआर दर्ज करने थाना प्रभारी को आवेदन देकर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान मो. इदरीश खान, कांग्रेस मंडल अध्यक्ष रमेश जायसवाल, जगरोपण यादव, सूरज सिंह पैकरा, पार्षद बबलू मझवार, बीएलए अशफाक खान, कांग्रेसी कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग मौजूद रहे।

# होली में हुड़दंग करने वालों पर की जाएगी कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

- शांति समिति की बैठक में लिया गया निर्णय

थाना परिसर में बुधवार की शाम आगामी होली एवं ईद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम देवेंद्र प्रधान ने की। इस दौरान थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह एवं नगर पंचायत सीएमओ रविंद्र लाल विशेष रूप से उपस्थित रहे।



बैठक में एसडीएम देवेंद्र प्रधान ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं पुलिस अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि त्योहार आपसी भाईचारे, प्रेम और सद्भाव का प्रतीक होते हैं। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थों का सेवन एवं विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। यदि कोई व्यक्ति नियमों का उल्लंघन करते पाया जाता है तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम देवेंद्र प्रधान एवं थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह ने नगर वासियों के उपस्थिति में सर्व सहमति से निर्णय लिया गया कि युवाओं द्वारा तेज गति से वाहन चलाने, हुड़दंग मचाने अथवा शांति व्यवस्था भंग करने की स्थिति में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन क्षेत्र में सतत निगरानी रखेगा तथा संवेदनशील स्थानों पर विशेष चौकसी बरती जाएगी। बैठक में होली पर्व के दौरान गुलाल एवं अबीर के साथ शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने की अपील की गई। साथ ही ईद पर्व को भी आपसी सद्भाव एवं सौहार्द के साथ मनाने का आग्रह किया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, भाजपा जिला महामंत्री संजय सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष धरम सिंह, सुरेश सोनी, पार्षद राजन त्रिपाठी, महेंद्र गुप्ता, विश्वास गुप्ता, शुभम सोनी, अनुल अंसारी, पुलिसकर्मी अशोक तिर्की, रूपेश यादव, शैलेन्द्र गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे।

म.प्र. के प्रसिद्ध पेन फिजिशियन एवं स्पाईन विशेषज्ञ डॉ.बी.मिंज अब सिटी हॉस्पिटल अंबिकापुर में प्रत्येक माह के द्वितीय शनिवार और रविवार,
(इस माह 14 और 15 मार्च 2026 ) को उपलब्ध रहेंगे
सिटी हॉस्पिटल
पॉलिटेक्नीक कॉलेज के पास, धंजल कॉम्पलेक्स रिंग रोड अम्बिकापुर
Dr. B.MINJ Reg. No. MP- 5597
Director of Vishesh Spine & Pain Management Bhopal
MBBS, MD, FIPM (Fellowship in Pain Management)
अगर आप दर्द की दवाई खाकर या फिजियोथेरेपी कराके परेशान हैं तो अवश्य मिलें
• बिना चीरफाड़ के अत्याधुनिक पद्धति द्वारा ईलाज
• TFESI/इंजेक्शन द्वारा ईलाज
• लेजर रेडिओफ्रेंकेंसी अबलेशन मशीन द्वारा दर्द का ईलाज
• स्टेम सेल/ पीआरपी ट्रीटमेंट (Regeneration Therapy)
• ओजोन थेरपी (स्लिप डिस्क एवं जोड़ों का दर्द)
SCOPE OF TREATMENT
• कमर दर्द
• साइटिका
• गर्दन का दर्द
• नसों का दर्द
• चेहरे पर करेंट जैसा दर्द
• या दांतों का दर्द
• कैंसर का दर्द
• घुटने या जोड़ों का दर्द
• अन्य कोई दर्द भी गठिया या पुराना दर्द
समय : शनिवार सुबह 10 से 3 बजे तक, रविवार सुबह 10 से 1 बजे तक
88770826055, +919827731775, 6261827790

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा,जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
डॉ.मनीष चौरसिया M.S. (General Surgery) M.Ch. (Neuro Surgery)
डॉ.गौरी शंकर सिंह MBBS,MD Medicine (Delhi) DM ,(Gestro) BHU Varanashi
डॉ.बी.बी.कुमार MBBS,MD (Medicine)FLPM,Fellowship In Rheumatology
डॉ.आकाश गर्ग MBBS,DNB (MEDICINE)
डॉ.निहार गुप्ता MD,Hematologist & BMT Physician
डॉ.रोशन वर्मा MD (T.B. & Respiratory Diseaseas)
डॉ.के.एस.भाटिया MBBS,MD INTERNAL MEDICINE,DM CARDIOLOGY,FSCAI
BLOOD BANK CENTER
डॉक्टर्स हाउस @ सरगुजा
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल-II
रानी तालाब के सामने,जिला हॉस्पिटल रोड अम्बिकापुर
डॉ.सौरभ जैन MD,DM,(Neurology) FNB (Neurologist)
डॉ.निशांत कुमार साहू
01 मार्च 2026, माह के प्रथम रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें 07774222555,9425583780,9826183780 8224007799,8718003300,6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती,सर्जरी,उपचार एवं जांच की सुविधा उपलब्ध

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप



### अनियंत्रित होकर मछली नदी पुल से गिरा हाइवा, चालक गंभीर

**धौरपुर।** धौरपुर-करौली के मध्य पुराना संकरा पुल वाहन चालकों के लिए बेहद खतरनाक साबित हो रहा है तथा मामूली सी चूक होते ही वाहन पुल से नीचे पलट जा रही है। बुधवार की रात लुण्ड्रा की ओर से आ रहा एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर पुल से नीचे गिर गया। दुर्घटना में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की रात ट्रेलर क्रमांक सीजी 15 ईएच 0125 का चालक विजय गिट्टी लोडकर रघुनाथपुर गया था गिट्टी उतार कर रात में वापस ग्राम पड़ौली लौट रहा था। इस दौरान मध्य रात्रि धौरपुर-करौली धौरपुर-लुण्ड्रा मार्ग में धौरपुर-करौली के मध्य मछली नदी पर बने संकरे पुल को पार करने के दौरान ट्रेलर अनियंत्रित हो गया तथा रेलिंग को तोड़ते हुए 20 फीट नीचे नदी में गिरकर पलट गया दुर्घटना में ट्रेलर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया वहीं चालक केबिन में फस गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से चालक को बाहर निकालने की काफी देर तक कोशिशें की लेकिन सफलता नहीं मिली। रात होने के कारण जेसीबी भी उपलब्ध नहीं हो रही थी। कड़ी मशक्कत के बाद तड़के 3 बजे जेसीबी उपलब्ध हुआ तो ट्रेलर का केबिन तोड़कर चाक को बाहर निकाला गया। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल चालक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सक ने उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया। घायल चालक का उपचार मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है।संकरे पुल पर तेज रफ्तार से गुजरने वाले वाहन अनियंत्रित होकर 20 फीट नीचे नदी में गिर जाते हैं। इसके पूर्व भी इस तरह की कई घटनाएं हो चुकी हैं तथा डेढ़ साल के भीतर 2 हाइवा, एक स्कार्पियों एवं एक इनोवा अनियंत्रित होकर पुल से 20 फीट नीचे मछली नदी में गिर चुकी है।

### कोयलांचल क्षेत्र में पीलिया बीमारी से युवक की इलाज दौरान हुई मौत

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर के जेएमक्यू निवासी रिटायर्ड कॉलरी कर्मी भागीरथी भारती के 37 वर्षीय पुत्र जितेंद्र भारती की पीलिया बीमारी



की चपेट में आने से इलाज दौरान मौत हो गई है।बताया गया कि करीब दस दिनों पूर्व उन्हें पीलिया की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था,अस्पताल से छुट्टी के बाद परिजन उन्हें घर ले आए जिसके बाद उनकी तबियत पुनः बिगड़ जाने से मिशन अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान बुधवार को उनका निधन हो गया।गुरुवार को स्थानीय मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया, मृतक जितेंद्र अपने पीछे दो बेटी,पत्नी मां पिता भाई सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।जितेंद्र भारती रेलवे स्टेशन स्थित शगुन श्रृंगारिका के संचालक सत्येंद्र उर्फ बाबू के ज्येष्ठ भ्राता थे।

## हेल्थ प्लस

### तेज डायग्नोस्टिक सेंटर में विशेषज्ञ चिकित्सक कल

**अम्बिकापुर।** तेज डायग्नोस्टिक एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल में रविवार दिनांक 1 मार्च 2026 को मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ



डॉ.मनीष चौरसिया, मनोरोग विशेषज्ञ डॉ.गौरीशंकर सिंह, गठिया रोग विशेषज्ञ डॉ.बी.बी. कुमार, पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ.आकाश गर्ग, रक्त रोग विशेषज्ञ डॉ.निहार गुप्ता, डॉ.के.एस.भाटिया, डॉ.सौरभ जैन, डॉ.निशांत कुमार साहू संबंधित रोगों से पीड़ित मरीजों के उपचार एवं परामर्श हेतु तेज डायग्नोस्टिक सेंटर एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल, जोड़ा तालाब के सामने बाबूपारा अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे।

### क्षेत्र के जनप्रतिनिधि विवि के विकास में नहीं ले रहे रूचि

# संसाधनों की कमी से जूझ रहे एसजीजीयू में धीमी पड़ी शैक्षणिक गतिविधियों की रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

संसाधनों के अभाव में संत गहिरा गुरू विवि में शैक्षणिक गतिविधियों की रफ्तार धीमी पड़ गई है तथा विवि प्रबंधन सिर्फ परीक्षाएं आयोजित करने एवं परिणाम घोषित करने तक सिमट गया है। स्थापना के 18 साल गुजरने के बाद भी विवि को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पाई है। जिस गति से अधोसंरचनाओं का विकास हो रहा है विवि को अपनी पहचान बनाने में दशकों का समय लग सकता है। उत्तर छत्तीसगढ़ के आदिवासी युवाओं को उच्च शिक्षा का लाभ देने के उद्देश्य से शासन द्वारा वर्ष 2008 में सरगुजा विवि की स्थापना की गई थी तथा बाद में इसका नामकरण संत गहिरा गुरू विवि किया गया।

**खास बात**
- प्रशासनिक, अकादमिक सहित सभी महत्वपूर्ण भवन अधूरे

स्थापना के बाद विवि प्रशासनिक कार्यालय एवं शिक्षण विभागों का संचालन उधार के भवनों में होता रहा। इस बीच शासन द्वारा शहर से सटे ग्राम पंचायत भकुरा में विवि परिसर के लिए 222 एकड़ की पहाड़ी भूमि उपलब्ध कराई गई है। तब प्रशासन विवि को समतल भूमि भी उपलब्ध करा रहा था लेकिन अधिक क्षेत्रफल होने के कारण तत्कालीन अधिकारियों ने पहाड़ी भूमि को ही वरियता दी। वर्ष 2016 में शासन द्वारा उच्च शिक्षा मद से प्रशासनिक भवन, शैक्षिक भवन, चतुर्थ श्रेणी आवास, जलागार, प्रवेश द्वार एवं बालक छात्रावास भवन निर्माण के लिए 20.22 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई थी लेकिन मात्र 11.58 करोड़ राशि उपलब्ध कराई गई। इसी तरह रूसा मद से यूटिलिटी सेंटर, ग्रंथालय, ऑडिटोरियम, कुलपति एवं कुल सचिव आवास एवं गेस्ट हाउस निर्माण के लिए 14 करोड़ स्वीकृति प्रदान की गई तथा 11.92 करोड़ रूपए उपलब्ध कराए गए। लोनिवि द्वारा ठेकेदारके माध्यम से निर्माण प्रारंभ कराया गया। पहुंच विहीन एवं पहाड़ी इलाका होने के कारण निर्माण में अधिक समय लगने के साथ ही लागत में भी वृद्धि हुई तथा राशि के अभाव में प्रशासनिक भवन, अकादमिक भवन सहित अन्य महत्वपूर्ण भवनों का निर्माण अब तक पूरा नहीं हो सकता है। भकुरा परिसर में जैसे-तैसे यूटिलिटी भवन, प्रवेश द्वार, कुलपति एवं कुल सचिव आवास का निर्माण पूरा हुआ है जबकि अन्य सभी भवन अधूरे पड़े हैं।





ऊपर-प्रस्तावित प्रशासनिक भवन एवं नीचे निर्माणाधीन भवन।

#### चार साल से राशि का इंतजार

भवनों का निर्माण पूरा नहीं होने से विवि की शैक्षणिक गतिविधियां ठप हो गई हैं। अधूरे भवनों के निर्माण के लिए 24.35 करोड़ एवं सड़क निर्माण के लिए 26 करोड़ रूपए की जरूरत है। विवि प्रबंधन इस बड़ी समस्या के निराकरण के लिए लम्बे समय से शासन स्तर के अधिकारियों को स्थिति से अवगत करा रहा है। विवि के विकास में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की रूचि नहीं है। जनप्रतिनिधियों पर बीच-बीच में विवि के हितों की उपेक्षा करने के भी आरोप लगते रहे हैं। इस बार के बजट में विवि के अधूरे भवनों के निर्माण के लिए राशि मिलने की उम्मीद जताई जा रही थी लेकिन शासन द्वारा बजट में राशि का प्रावधान नहीं किया गया है। ऐसे में निकट भविष्य में अधूरे भवनों का निर्माण पूरा होने की संभावना नहीं है।

#### ऐसे हो रहा संचालन

विवि के पुराने प्रशासनिक कार्यालय भवन स्थित कुलपति की छत भरभराकर गिरने के बाद प्रबंधन ने आनन-फानन में कार्यालय को भकुरा परिसर में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया तथा परिसर में स्थित अधूरे ऑडिटोरियम भवन में प्लास्टिक सीट का घेरावा कर अलग-अलग कक्ष बनाए गए हैं। इन्हीं कक्षाओं में प्रशासनिक कार्यालय के विभिन्न विभागों का संचालन किया जा रहा है। विवि द्वारा पुराने प्रशासनिक भवन में फार्मेसी विभाग का संचालन किया जा रहा है जबकि यूटीडी के अन्य विभागों को यूटिलिटी भवन में स्थानांतरित करने की तैयारी की जा रही है।

#### अनुदान राशि भी कम

विवि के अधिकारी- कर्मचारियों के मासिक वेतन एवं भत्ते के भुगतान के लिए शासन विश्वविद्यालयों को अनुदान राशि का भुगतान करता है। एसजीजीयू को शासन 2.5 करोड़ का अनुदान देता है जबकि विवि के अधिकारी-कर्मचारियों को हर साल 6.5 करोड़ रूपए का भुगतान करता है। शासन से पर्याप्त अनुदान नहीं मिलने के करण विवि परीक्षा शुल्क की राशि से वेतन भुगतान करता है तथा इसके लिए विवि की कार्यपरिषद् की स्वीकृति लेनी पड़ती है। विवि की बदहाली के पीछे क्षेत्र के जनप्रतिधियों की उच्च शिक्षा के प्रति उदासीनता को कारण माना जा रहा है।

#### लगातार की जा रही पहल

विवि के विकास के लिए लगातार पहल की जा रही है। भवनों को निर्माण पूरा नहीं होने से गतिविधियों के संचालन में समस्या हो रही है। स्थिति से उच्च कार्यालय को अवगत कराया गया है। डा. एसपी त्रिपाठी
-कुलसचिव
एसजीजीयू

परिसर की आंतरिक सड़कों का भी निर्माण नहीं हो सका है जबकि एक दशक पूर्व मुख्य मार्ग से विवि परिसर तक निर्मित सड़क पूर्व से ही जर्जर है।

# वनरक्षक को गर्लफ्रेंड के साथ पकड़ा, युवकों ने पहले कराया वर्दी में डांस, फिर की पिटाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



सूरजपुर जिले में पदस्थ एक वन रक्षक के साथ मारपीट और उससे डांस कराने का मामला सामने आया है। वनरक्षक अपनी गर्लफ्रेंड के साथ जंगल में घूमने गया हुआ था। इस दौरान युवकों ने उसे पकड़ लिया और बेदम पिटाई की। इसके बाद मोबाइल पर गाना बजाकर डांस कराया। इस मामले में डीएफओ ने वनरक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

- घटना का वीडियो किया वायरल, सूरजपुर डीएफओ ने जारी किया नोटिस

बताया जा रहा है कि सूरजपुर वन परिक्षेत्र के देवनगर परिसर में पदस्थ वन रक्षक सुखदेव 23 फरवरी को अपनी गर्ल फ्रेंड के साथ नर्सरी में पहुंचा हुआ था। इस दौरान कुछ युवक वहां आ गए और दोनों को साथ देख लिया। युवकों ने पहले मोबाइल फोन पर गाना बजाकर वनरक्षक को डांस करने को कहा। ठीक से डांस नहीं करने पर युवकों ने फॉरेस्ट गार्ड को फटकारा। जब डांस से मन भर गया तो उन्होंने गर्लफ्रेंड के सामने ही सुखदेव की डंडे और बेल्ट से पिटाई कर दी और पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी रिकॉर्ड किया गया। घटना के समय फॉरेस्ट गार्ड यूनिफॉर्म में था। मारपीट के दौरान फॉरेस्ट गार्ड ने मारपीट कर रहे युवकों के साथ मौजूद एक युवक को पहचान लिया। वीडियो में वह उसे 'राजू भैया' कहकर बचाने की गुहार लगाता दिखाई दे रहा है। मारपीट के बाद युवकों ने फॉरेस्ट गार्ड को वहां से भगा दिया और उसकी गर्लफ्रेंड को घर भेज दिया। इस पूरी घटना का वीडियो भी युवकों ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। बताया जा रहा है युवती देवनगर क्षेत्र की रहने वाली है। मारपीट में शामिल कुछ युवक उसके रिश्तेदार बताए जा रहे हैं। बड़ी बात यह है कि इस पूरे घटना क्रम की शिकायत पुलिस में अब तक नहीं की गई है। इधर वीडियो वायरल होने के बाद डीएफओ ने वनरक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। वन रक्षक ने घटना की शिकायत नहीं की और विभाग को भी इसकी जानकारी नहीं दी। डीएफओ ने नोटिस का जवाब नहीं देने पर एकतरफा कार्रवाई करने की बात कही है।

इस सम्बन्ध में एसएसपी प्रशांत ठाकुर ने बताया कि वन रक्षक ने इस मामले की शिकायत अब तक दर्ज नहीं कराई है। शिकायत मिलने पर अपराध दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# केबिनेट मंत्री लक्ष्मी के प्रयासों से ग्रामीण संपर्क को मिली नई सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

प्रदेश में अधोसंरचना विकास को नई दिशा देते हुए महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री एवं भटगांव विधायक श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के विशेष प्रयासों से सूरजपुर जिले के ग्रामीण अंचलों को बड़ी सौगात मिली है,पहाड़गांव से गोपालपुर होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग-43 तक पहुंच मार्ग के निर्माण कार्य को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।



- 5 .10 किलोमीटर सड़क निर्माण को मिली प्रशासकीय स्वीकृति

मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि सड़क केवल भौतिक संरचना नहीं,बल्कि विकास की आधारशिला है,मजबूत और सुदृढ़ सड़क नेटवर्क से सामाजिक एवं आर्थिक गतिविधियों को नई ऊर्जा मिलती है,उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में शामिल इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत 5.10 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण पुल-पुलिया सहित किया जाएगा, यह मार्ग क्षेत्र के कई गांवों के लिए मुख्य संपर्क सड़क के रूप में विकसित होगा,जिससे ग्रामीण क्षेत्रों का जिला मुख्यालय और राष्ट्रीय राजमार्ग से सीधा व सुगम जुड़ाव सुनिश्चित होगा,सड़क निर्माण से आवागमन अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक बनेगा,किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में आसानी होगी। विद्यार्थियों को शिक्षण संस्थानों तक पहुंचने में सहूलियत मिलेगी तथा आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं तक त्वरित पहुंच संभव हो सकेगी,मंत्री ने कहा कि इस परियोजना से स्थानीय व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

# अस्पताल में 45 मिनट तक बैठे रहे जेडी हेल्थ लेकिन नहीं पहुंचे चिकित्सक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिले में अधिकारियों के सख्त निर्देश के बाद भी स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति सुधरने का नाम नहीं ले रही है। आलम यह है कि रात के समय चिकित्सक अस्पतालों से गायब रहते है और कहीं नर्सिंग स्टाफ तो कहीं वार्ड बॉय के भरोसे पूरा अस्पताल संचालित होता है। ऐसा ही मामला सरगुजा के सीएचसी दरिमा में सामने आया। संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं देर रात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दरिमा पहुंचे। आकस्मिक निरीक्षण के दौरान अस्पताल में सिर्फ एक नर्सिंग स्टाफ मौजूद थी। जेडी लगभग 40 से 45 मिनट तक अस्पताल में रुके लेकिन कोई डॉक्टर अस्पताल नहीं पहुंचा। ऐसे में जेडी डॉ. अनिल शुक्ला ने नाराजगी जाहिर करने के साथ ही अनुपस्थित चिकित्सक, कर्मचारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश सीएमएचओ को दिए है।

- आकस्मिक निरीक्षण के दौरान दरिमा पीएचसी में लापरवाही आई सामने

बताया जा रहा है कि जिले के दरिमा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से लगातार शिकायत मिल रही थी कि रात के समय अस्पताल में चिकित्सक मौजूद नहीं रहते है और सड़क दुर्घटना सहित अन्य गंभीर मामलों के मरीजों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में शिकायत की जांच के लिए 26 फरवरी की रात 8.45 बजे संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल कुमार शुक्ला दरिमा सीएचसी के आकस्मिक निरीक्षण पर पहुंचे थे। अस्पताल सिर्फ एक स्टाफ नर्स के भरोसे संचालित था जबकि यहां पर्याप्त डॉक्टर की पदस्थापना की गई है।




रात के समय जिस डॉक्टर की ड्यूटी लगाई गई थी वह खुद नदारद था इतना ही नहीं जेडी अस्पताल में लगभग 40 से 45 मिनट तक बैठे रहे और ड्यूटी डॉक्टर का इन्तजार किया लेकिन वह अस्पताल नहीं पहुंचा ऐसे में ग्रामीण क्षेत्र के अस्पतालों में चिकित्सकों की मनमानी का अंदाजा लगाया जा सकता है। जेडी ने इस लापरवाही पर जमकर नाराजगी जाहिर की। इसके साथ ही अस्पताल में भी भारी अव्यवस्था देखने को मिली। अस्पताल में एएनसी पंजी व्यवस्थित नहीं मिली, अस्पताल परिसर में साफ-सफाई का अभाव देखा गया। संभागीय संयुक्त संचालक डॉ अनिल कुमार शुक्ला ने दैनिक उपस्थिति पंजी का निरीक्षण किया। इस दौरान चिकित्सा अधिकारी डॉ. जनेश्वर सिंह, एमडी डॉ. रवि सोनी, एमएलटी श्रीमती अगस्तिना कुजूर, स्टाफ नर्स श्रीमती सुगंति एक्का एक दिवस अनुपस्थित थे, तथा महिला पर्यवेक्षक श्रीमती एस महंत दो दिवस अनुपस्थित पाई गई। वहीं यह भी देखा गया कि ओपीडी अटेंडेंट श्रीमती ज्योति पैकरा ने अग्रिम हस्ताक्षर कर दिया था जिसपर जेडी ने उन्हें समझाइश दी कि भविष्य में ऐसा ना हो। जेडी डॉ. अनिल शुक्ल ने सभी अनुपस्थित चिकित्सक व कर्मचारियों को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश जेडी डॉ.शुक्ला ने सीएमएचो सरगुजा को दिए है।

### होली पर्व पर सरगुजा जिले में 4 मार्च को नहीं बिकेगी शराब

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ शासन, वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अजीत वसंत ने आगामी होली पर्व के मद्देनजर जिले में शुष्क दिवस घोषित करने का आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार 04 मार्च को सरगुजा जिले की समस्त कंपोजिट देशी/कंपोजिट विदेशी मदिरा दुकानें, प्रीमियम विदेशी मदिरा दुकानें, सी.एस.2 (ग-कंपोजिट अहाता), एफ.एल.1 (ख-कंपोजिट अहाता), एफ.एल.4क (व्यावसायिक क्लब), एफ.एल.8 एवं मद्य भाण्डागार पूर्णतः बंद रहेंगे। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि उक्त अवधि में मदिरा का विक्रय, परिवहन एवं परोसना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने शासन के इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।








# पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में लगेगा अत्याधुनिक एसी एवं साउंड सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राजीव गांधी पीजी कॉलेज में छात्र सुविधाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कार्य प्रारंभ हो चुका है। छात्रों की लंबे समय से चली आ रही मांग तथा एनएसयूआई के प्रयासों को देखते हुए पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंह देव द्वारा कॉलेज ऑडिटोरियम में अत्याधुनिक एसी एवं आधुनिक साउंड सिस्टम की स्थापना हेतु 25 लाख की राशि प्रदान की गई थी। अब इस कार्य का क्रियान्वयन प्रारंभ हो चुका है, जिससे आने वाले समय में विद्यार्थियों को ऑडिटोरियम में बेहतर एवं तकनीकी रूप से सक्षम सुविधाएं प्राप्त होंगी।

- छात्रहित में पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने दी थी 25 लाख की राशि



इस नई व्यवस्था के लागू होने के बाद ऑडिटोरियम पूर्ण रूप से आधुनिक साउंड सुविधा से सुसज्जित होगा, किसी भी व्याख्यान, सेमिनार, सांस्कृतिक कार्यक्रम या शैक्षणिक आयोजन के लिए बाहरी साउंड सिस्टम की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, छात्रों को उच्च स्तरीय शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक वातावरण मिलेगा, कॉलेज की गतिविधियां और अधिक व्यवस्थित एवं प्रभावशाली बनेंगी, यह पहल छात्र हित में एक दूरदर्शी निर्णय साबित होगी। इस अवसर पर एनएसयूआई के साथी एवं समस्त छात्रगणों की ओर से युवा कांग्रेस व आईटी सेल चेयरमैन हिमांशु जायसवाल, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष सतीश बारी, जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस विकल झा, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष आशीष जायसवाल, एसजीजीयू अध्यक्ष सुरेंद्र गुप्ता एवं अन्य पदाधिकारियों ने छात्रहित में सदैव संवेदनशील रहते हुए मांग को स्वीकार करने एवं राशि प्रदान करने हेतु टीएस सिंहदेव व आदित्येश्वर शरण सिंहदेव का आभार जताया है।







